दिनांक 06.05.2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# कोरोना संक्रमण की रोकथाम करने निरंतर हो रहा सैनिटाइजिंग घर, सार्वजनिक क्षेत्र व आवाजाही वाले स्थानों को प्रतिदिन किया जा रहा सेनेटाइज

भिलाईनगर / कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए सैनिटाइजिंग का कार्य निरंतर जारी है , निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला सैनेटाइज का कार्य सभी क्षेत्रों में कर रहे है। कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु निगम प्रशासन आमजन से अपील कर रही है कि लाॅकडाउन के दौरान अनावश्यक रूप से घर से न निकले। संक्रमण मुक्त रखने के लिए सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिड़काव किया जा रहा है ताकि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। सभी जोन के टीम कोरोना पाॅजीटीव वाले मरीज के घर व आस पड़ोस में सघन स्तर पर सेनेटाइज कर रहे है। भीतरी गलियों तथा सार्वजनिक स्थानों पर सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल से सेनेटाइज कर संक्रमण की रोकथाम में जुटे हुए है। निगम क्षेत्र में सेनेटाइज कार्य को लेकर अधिकारी माॅनिटरिंग करते हुए फीडबैक ले रहे है।

भिलाई निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार कोरोना पाॅजीटीव वाले मरीजों व आस-पास घरों तथा होम आईसोलेशन वाले मरीजों के घरों को सेनेटाइज किया जा रहा है। सभी जोन के स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने अपने क्षेत्र के वार्डों में सोडियम हाइपोक्लोराइट के घोल से सार्वजनिक स्थानों , अस्पताल, वैक्सीनेशन सेंटर, मुक्तिधाम, कोरोना जांच केन्द्र सहित लोगों की आवाजाही वाले स्थानों तथा घरों के खिड़की , दरवाजे को सेनेटाइज कर रहे है। सुबह से ही स्वास्थ्य विभाग का अमला सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल से सेनेटाइज करने के कार्य में जुट रहे है। जिन स्थानों या भीतरी गलियों पर बड़ी वाहन नहीं जा पाती वहां कर्मचारी हैण्डस्प्रे के माध्यम से बार बार छूए जाने वाले स्थानों व सामानों को सेनेटाइज कर रहे है। जोन स्वास्थ्य अधिकारी स्वंय अपनी मौजूदगी में सेनेटाइज कार्य को संपादित करा रहे है तथा जोन आयुक्त प्रतिदिन सेनेटाइज कार्य का फीडबैक ले रहे है। निगम क्षेत्र के सभी शासकीय संस्थानों को प्रतिदिन सुबह सघन रूप से सेनेटाइज कर संक्रमण की रोकथाम करने का प्रयास किया जा रहा है।

इन स्थानों पर किया गया सेनेटाइज -

बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण को देखते हुए टोटल लाॅकडाउन में भी निगम सेनेटाइज कार्य में जुटा हुआ है। सभी आवश्यक सेवा वाले स्थान , होम आईसोलेशन वाले घर , कोरोना पाॅजीटीव वाले घर , सभी स्वास्थ्य केन्द्र, कोरोना जांच केन्द्र , सभी वैक्सीनेशन सेंटर , निगम के मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय , चर्च लाइन के आस पास , वार्ड 17 वृन्दानगर के आस पास , अर्जुननगर, वार्ड 19 बुद्धविहार, वार्ड 69 हुडको में एमआईजी 377 से 398 तक, एमआईजी 435 से 456 तक हुडको क्षेत्र में ही एमआईजी 200 से 350 तक तथा एचआईजी के विभिन्न क्वार्टर को भी सेनेटाइज , वार्ड 70 का बाल उद्यान को , वार्ड 04 राधिकानगर एवं गणेश मंदिर के आस पास सेनेटाइज , प्रियदर्शनी परिसर और मूकबधिक स्कूल के आस पास , वार्ड 70 गुरूद्वारा के पीछे आदि स्थानों पर सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिड़काव किया गया।